**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3035 जिसका उत्तर
**शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**तमिलनाडु में पत्तनों का विकास**

**† 3035. श्री मलैयारासन डी. :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सागरमाला परियोजना के अंतर्गत तमिलनाडु में विकसित किए जाने वाले पत्तनों की पहचान कर ली है;

(ख) यदि हां, तो पहचान किए गए पत्तनों और चिह्नित पत्तनों के उन्नयन हेतु शुरू की जा रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजना के लिए अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत, अनुमोदित, जारी और व्यय की गई है; और

(घ) उक्त पत्तनों का उन्नयन कब तक आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (घ)**: सागरमाला भारत की 7,500 कि.मी. लंबी तटरेखा, 14,500 कि.मी. के संभाव्य नौचालन योग्य जलमार्गों और मुख्य अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों पर सामरिक स्थिति का दोहन करते हुए देश में पत्तन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की प्रमुख केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है। यह मंत्रालय सागरमाला योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ शासित राज्यों को पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोजनाओं, सड़क एवं रेल परियोजनाओं, मत्स्यन बंदरगाहों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय सामुदायिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फैरी सेवाओं आदि जैसी अनूठी तथा अभिनव परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है। तमिलनाडु राज्य में परियोजनाओं की संख्या, स्वीकृत निधियों तथा जारी निधियों का ब्यौरा संलग्न है। **(अनुबंध-I)**

अनुबंध- I

अनुबंध – तमिलनाडु राज्य में परियोजनाओं की संख्या, स्वीकृत निधियों और परियोजना की स्थिति का विवरण

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु के अग्नि तीर्थम में पर्यटक जलयानों के लिए बर्थिंग सुविधाओं का निर्माण | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 7.81 | 7.81 | 1.52 |
| 2. | वी. ओ. चिदंबरनार में मत्स्य पालन महाविद्यालय के सामने एनएच 7 क से सटे एक पूर्ण-विकसित ट्रक पार्किंग टर्मिनल का विकास और संचालन | वीओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 25.00 | 10.00 | 10.00 |
| 3. | वीओसीपीटी में 15000 डीडब्ल्यूटी - 150 मीटर लंबाई तक के जलयानों की हैंडलिंग के लिए 10.0 मीटर की ड्रेज्ड गहराई के साथ तटीय बर्थ | वीओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 36.00 | 30.00 | 30.00 |
| 4. | सीएचपीटी में तटीय कार्गो बर्थ | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 80.00 | 30.00 | 30.00 |

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | कुड्डालोर पत्तन में प्रवेश चैनल के उत्तर और दक्षिण दोनों ओर ब्रेकवाटर का निर्माण - बर्थ-1 - बर्थ-2 और कैपिटल ड्रेजिंग - प्रवेश चैनल से कार्गो बर्थ तक | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | पूर्ण | 135.00 | 67.50 | 67.50 |
| 6. | निर्यात कार्गो की हैंडलिंग के लिए चेन्नै पत्तन में पक्के भंडारण यार्ड का विकास | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 54.00 | 25.73 | 25.73 |
| 7. | चेन्नै पत्तन में बंकर बर्थ का निर्माण | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 44.00 | 22.00 | 22.00 |
| 8. | तमिलनाडु में नागपट्टिनम जिले के पूमपुहार में मत्स्यन बंदरगाह का निर्माण | मत्स्य विभाग, तमिलनाडु सरकार | पूर्ण | 148.00 | 37.00 | 37.00 |
| 9. | तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में चिन्नामुत्तोमीन में मत्स्यन बंदरगाह का विस्तार | मत्स्य विभाग, तमिलनाडु सरकार | पूर्ण | 74.00 | 18.38 | 18.38 |
| 10. | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण I - तमिलनाडु | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | पूर्ण | 2.94 | 2.94 | 1.47 |

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | कोरामपल्लम सरप्लस कोर्स ब्रिज और रेल ओवर ब्रिज को चौड़ा करने का निर्माण कार्य - पश्चिमी सीमा से टीटीपीएस तक सड़क को चौड़ा करने सहित आरओबी | वीओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 42.00 | 20.00 | 20.00 |
| 12. | वीओसीपीटी में तटीय कार्गो बर्थ के लिए डॉक बेसिन की ड्रेजिंग - समर्पित तटीय बर्थ के सामने ड्रेजिंग | वीओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | पूर्ण | 98.00 | 20.88 | 20.88 |
| 13. | पत्तनों - जलमार्गों और तटों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केंद्र - नया परिसर | आईआईटी चेन्नै | पूर्ण | 77.03 | 39.67 | 39.67 |
| 14. | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण 2 - तमिलनाडु | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | कार्यान्वयनाधीन | 10.67 | 10.67 | 2.42 |
| 15. | तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के मूकाइयुर में मत्स्यन बंदरगाह | मत्स्य विभाग, तमिलनाडु सरकार | पूर्ण | 113.90 | 28.48 | 28.48 |
| 16. | कुथकल, कुंथुकुल – तमिलनाडु में | मत्स्य | पूर्ण | 74.00 | 18.50 | 16.65 |

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मत्स्यन बंदरगाह | विभाग, तमिलनाडु सरकार | | | | |
| 17. | विवेकानंद रॉक से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पर्यटकों के सुरक्षित परिवहन के लिए आधुनिक एलिवेटेड स्टील पुल | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 31.05 | 15.53 | 12.42 |
| 18. | चेन्नै मत्स्यन बंदरगाह परियोजना का आधुनिकीकरण | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | कार्यान्वयनाधीन | 99.85 | 49.93 | 0.00 |
| 19. | विल्लूंडी तीर्थम, तमिलनाडु में अतिरिक्त बर्थिंग सुविधाओं का निर्माण | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 3.66 | 3.66 | 0.73 |
| 20. | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण में बर्थ संख्या 24बी (बीडी-II) के बैकअप क्षेत्रों में ट्रेलरों/ट्रकों के लिए बफर पार्किंग यार्ड का विकास | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | कार्यान्वयनाधीन | 52.85 | 39.42 | 37.44 |
| 21. | नागपट्टिनम (भारत) से कांकेसंथुराई (श्रीलंका) तक यात्री नौका सेवा के लिए | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 10.47 | 10.47 | 0.00 |

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | स्थिति | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नागपट्टिनम पत्तन अवसंरचना का उन्नयन | | | | | |
| 22. | कन्याकुमारी पत्तन पर यात्री बर्थिंग सुविधा का विस्तार | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 20.00 | 10.00 | 4.94 |

*****